Media Coverage of 7th Convocation of NIPER Raebareli

तकनीक विकास में योगदान दें विद्यार्थी

नाइपर के दीक्षा समारोह में आइआइटी कानपुर के प्रोफेसर संदीप वर्मा का संबोधन

जागरण संवाददाता, लखनऊ : राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (नाइपर) रायबरेली के सातवें दीक्षा समारोह में मुख्य अतिथि व विज्ञान एवं इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड के सचिव और आइआइटी कानपुर के प्रोफेसर संदीप वर्मा ने विद्यार्थियों से कहा कि यह दिन शैक्षणिक उपलब्धियों से इतर कई मायनों में महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह समय जीवन के कई अन्य आयामों से परिचित होने तथा नई चुनौतियों को अंगीकार करते हुए सफलता के नए अध्याय को लिखने का है। वह समय आ गया है जब आप अपनी अर्जित विद्या, बुद्धिमत्ता, श्रम तथा कौशल के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में कठिनाइयों को दूर करने के लिए नई तकनीक के विकास में अपना योगदान दें।

गुरुवार को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षा समारोह में सत्र 2020-22 के 74 परास्नातक विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई।

भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में नाइपर के सातवें दीक्षा समारोह में विद्यार्थियों को मेडल देतीं औषधि विभाग रसायन और उर्वरक मंत्रालय की सचिव एस अपर्णा ● जागरण

पांच विद्यार्थियों को स्वर्ण और पांच को रजत पदक से नवाजा गया। विशिष्ट अतिथि औषधि विभाग रसायन और उर्वरक मंत्रालय की सचिव एस अपर्णा ने कहा कि संस्थान से निकले विद्यार्थी भविष्य में विज्ञान, शिक्षा तथा फार्मास्युटिकल क्षेत्र में अहम भूमिका निभाएंगे। जब इन छात्रों ने रायबरेली में नामांकन करवाया उस समय किसी ने भी कोरोना वायरस जनित भयावह एवं विकरालता की स्थिति के बारे में कल्पना भी नहीं की होगी। दो वर्ष बाद मौजूदा समय में जो आर्थिक एवं सामाजिक चुनौतियां पैदा हुई हैं, उनके लिए हम सभी को मिलकर चलने की जरूरत है। नाइपर के निदेशक डा. यूएसएन मूर्ति ने कहा कि संस्थान लखनऊ स्थित अस्थाई परिसर में कार्यरत है। दीक्षा समारोह में 74 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई।

इन्हें स्वर्ण पदक

- खुशबू तिवारी : औषधीय रसायन विभाग
- सृष्टि आर्य : फार्मास्युटिक्स विभाग
- प्रियंका तिवारी : फार्माकोलाजी एवं टाक्सिकोलाजी विभाग
- विपुल शर्मा : नियामक टाक्सिकोलाजी विभाग
- नीता जांगिड़ : बायो-टेक्नोलाजी विभाग

इन्हें रजत पदक

- निकिता हिरजी पटेल : औषधीय रसायन विज्ञान
- खैरनार पूजा संजय : फार्मास्युटिक्स विभाग
- श्रुति शिखा चौबे : फार्माकोलाजी एवं टाक्सिकोलाजी विभाग
- हरसिमर सिंह : नियामक टाक्सिकोलाजी विभाग
- मनीष प्रभाकर जाधव : बायो-टेक्नोलाजी विभाग

NIPER-R CONVOCATION ON AUGUST 18

LUCKNOW : The national institute of pharmaceutical education and research, Raebareli (NIPER-R), an institute of national importance, is holding its 7th convocation on August 18 at Atal Bihari Vajpayee Auditorium of Babasaheb Bhimrao Ambedkar University, Lucknow.

As many as 74 MS Pharm (master of sciences of pharmacy) students will be conferred with the degrees. Prof Sandeep Verma, secretary, science and engineering research board (SERB), GoI will be the chief guest. **HTC**

राजनीति शास्त्र व गणित विषय की परीक्षाएं एक दिन पहले स्थगित कर दीं। परीक्षा शुरू होने के एक दिन पहले तक एमए हिन्दी के तमाम विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं हो पा रहे थे। शाम को हिन्दी के साथ तीन अन्य विषयों की परीक्षाएं स्थगित कर दी गईं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक इन विषयों की परीक्षा के लिए नई तिथियां जल्द ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की जाएगी। (जासं)

नाइपर का दीक्षा समारोह कल

लखनऊ : राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (नाइपर) रायबरेली के लखनऊ परिसर का सातवां दीक्षा समारोह 18 अगस्त को मनाया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के पांच छात्रों को गोल्ड मेडल समेत 74 स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी। दीक्षा समारोह बीबीएयू के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित होगा। (जासं)